**हड़कंप** | एक साथ 7 बच्चे बीमार, जिला स्वास्थ्य टीम ने डाला डेरा, बच्चों के ब्लड सैंपल जांच के लिए भेजे आईसीएमआर

# सिमरिया में चिकन पॉक्स की दहशत





**नारायणगंज, नवभारत।** जिले के नारायणगंज बबलिया क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिमरिया में सात बच्चों में चिकन पॉक्स (छोटी माता) के लक्षण मिलने से हड़कंप मच गया है। प्राथमिक शाला के शिक्षक सूरज सिंह पंद्राम की सजगता से इस बीमारी का खुलासा हुआ, जिसके बाद जिला और ब्लॉक स्तर की स्वास्थ्य टीमों ने तत्काल गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और प्रभावित बच्चों के उपचार की प्रक्रिया शुरू की।

ग्राम सिमरिया के प्राथमिक शाला शिक्षक सूरज सिंह पंद्राम ने देखा कि स्कूल आने वाले कुछ बच्चों को तेज बुखार के साथ शरीर पर फोड़े-फुंसी हो रहे हैं। उन्होंने इसकी सूचना तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बबलिया के डॉ. सुरेंद्र सिंह को दी। जांच के बाद डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने इसे चिकन पॉक्स होने की पुष्टि की और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमएचओ मंडला के निर्देश पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वायके झारिया, एपिडेमोलॉजिस्ट डॉ. आरपी वर्मा, नारायणगंज से फार्मासिस्ट कमलेश सिंह, बबलिया से एमपीडब्ल्यू लखन परस्ते, एएनएम द्रोपती उद्दे सहित स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम सिमरिया पहुंची। टीम ने बीमार बच्चों जिसमें कुमारी सविता, निधि, पुष्पराज, राकेश और अंश सहित सात मरीजों की जांच की और उनके खून के नमूने लेकर विस्तृत जांच हेतु आईसीएमआर (भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद) भेजे हैं।

### संक्रमण रोकने दिए कड़े निर्देश

मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुरेंद्र सिंह ने ग्रामीणों को सलाह दी है कि यह एक संक्रामक बीमारी है, जो छूने और संपर्क में आने से फैलती है। प्रशासन ने एहतियाती बरतने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहां कि ग्रामीण एक-दूसरे के घर जाने से बचें और बीमार बच्चों को अलग कमरे में रखें। साप्ताहिक हाट-बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर जाने से परहेज करें ताकि संक्रमण गांव से बाहर न फैले। प्रभावित प्राथमिक शाला और आसपास के स्कूलों में बच्चों को एक साथ न बैठाने के निर्देश दिए गए हैं।

### अतिरिक्त मेडिकल टीम की मांग

क्षेत्र में फैलती बीमारी को देखते हुए ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बबलिया में दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित किया जाए और कर्मचारियों की एक अतिरिक्त टीम तैनात की जाए, जिससे समय रहते बीमारी की रोकथाम की जा सके। शिक्षक पंद्राम ने बताया कि बच्चों को शुरू में एक-दो दिन बुखार आता है और फिर शरीर पर दाने निकलने लगते हैं, जो स्पष्ट रूप से चिकन पॉक्स के लक्षण हैं।



# मैली चौराहे पर झूलते पेड़ को प्रशासन ने हटाया

**समाचार प्रकाशन के बाद हरकत में आया विभाग, सुरक्षित हुआ बस स्टैंड मार्ग**

नव भारत खबर का असर

**नारायणगंज।** विगत दिवस नवभारत अखबार में खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। खबर की सजगता और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का एक सकारात्मक परिणाम देखने को मिला है।

मैली चौराहा से मुख्य बस स्टैंड मार्ग पर सड़क के ऊपर खतरनाक तरीके से झूल रहे विशाल पेड़ को प्रशासन ने खबर प्रकाशित होने के बाद सक्रियता दिखाते हुए हटा दिया है। इस कार्रवाई से मार्ग पर संभावित बड़े हादसे का खतरा टल गया है।

बताया गया कि यह पेड़ पिछले काफी समय से सड़क की ओर झुका हुआ था। विशेष रूप से रात के अंधेरे में बड़े वाहनों और दुपहिया चालकों के लिए यह किसी बड़ी दुर्घटना का आमंत्रण दे रहा था। स्थानीय नागरिकों ने इसकी शिकायत कई बार संबंधित विभाग से की थी, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई थी। मामले को समाचार के माध्यम से प्रमुखता से उठाए जाने के बाद प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया। संबंधित विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुँची और मशीनों की सहायता से पेड़ की छंटाई कर मार्ग को पूरी तरह बाधा मुक्त कर दिया।

### क्षेत्रवासियों ने व्यक्त किया आभार

प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से राहगीरों और क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है। नागरिकों का कहना है कि नवभारत अखबार के माध्यम से जब जनहित की समस्याओं को उठाया जाता है, तभी सोता हुआ तंत्र जागता है। अब इस व्यस्ततम मार्ग पर आवागमन पूरी तरह सुरक्षित और सुगम हो गया है।






# आदेश के बाद भी नहीं हटी बस स्टैंड की शराब दुकान

**मंदिर के सामने जाम से ग्रामीणों में भारी आक्रोश, नारायणगंज में पंचायत और ग्राम सभा के प्रस्ताव ठंडे बस्ते में**

**नारायणगंज।** नगर के मुख्य बस स्टैंड और प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के ठीक सामने संचालित शराब दुकान को लेकर स्थानीय नागरिकों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। हैरानी की बात यह है कि पंचायत और जनपद स्तर पर शराब दुकान हटाने के प्रस्ताव पारित होने के बावजूद प्रशासनिक मशीनरी मौन बैठी है, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

जानकारी अनुसार विगत वर्ष 23 जुलाई 2025 को जनपद पंचायत नारायणगंज की सामान्य सभा की बैठक में प्रस्ताव क्रमांक 13 के तहत सर्वसम्मति से दुकान हटाने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद नारायणगंज सीईओ ने संबंधित विभागों को पत्र भी जारी किए थे। इतना ही नहीं 21 अगस्त 2025 को ग्राम पंचायत पड़रिया नारायणगंज की ग्राम सभा में भी इसे हटाने का प्रस्ताव पारित किया गया, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### आस्था और सुरक्षा पर प्रहार

स्थानीय नागरिकों ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि हनुमान मंदिर जैसे पवित्र स्थल के ठीक सामने शराब दुकान का होना न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करता है, बल्कि बस स्टैंड पर आने-जाने वाली महिलाओं, विद्यार्थियों और यात्रियों के लिए भी असुरक्षा का कारण बना हुआ है। शराबियों की मौजूदगी से सार्वजनिक मर्यादा भंग हो रही है।

### प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

जब जनप्रतिनिधियों और स्थानीय निकायों ने सर्वसम्मति से दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने का निर्णय ले लिया है, तो आखिर प्रशासन किसके दबाव में कार्रवाई रोक कर बैठा है? यह सवाल अब नगर के हर चौक-चौराहे पर गूँज रहा है। लोगों का कहना है कि प्रशासनिक देरी से क्षेत्र की शांति व्यवस्था कभी भी बिगड़ सकती है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और आबकारी विभाग से मांग की है कि इस शराब दुकान को तत्काल व्यस्ततम बस स्टैंड क्षेत्र से हटाकर किसी अन्य स्थान पर भेजा जाए। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो स्थानीय जनता उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# जल जीवन मिशन के नाम पर बिछाई जा रही बेतरतीब लाइनें

**ठेकेदार की लापरवाही से फूटी पुरानी पाइप लाइन, पानी खरीदकर प्यास बुझाने को मजबूर उदयपुर के ग्रामीण**





**उदयपुर, नवभारत।** गर्मी की शुरुआत के साथ ही जनपद बीजाडांडी के अंतर्गत आने वाले ग्राम उदयपुर में जल संकट गहरा गया है। एक ओर जहाँ पारा चढ़ते ही पानी की किल्लत बढ़ गई है, वहीं दूसरी ओर जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कछुआ गति कार्य और ठेकेदार की लापरवाही ने ग्रामीणों की मुसीबत दोगुनी कर दी है। पिछले एक माह से नल-जल योजना बंद होने के कारण ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए मोहताज हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत नई पाइपलाइन बिछाने के दौरान ठेकेदार ने पुरानी चालू लाइन को जगह-जगह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। विशेषकर तरवानी से टंकी भरने वाली मुख्य लाइन डैमेज होने के कारण पानी टंकी तक नहीं पहुँच पा रहा है। स्थिति यह है कि लोगों को निजी बोरवेल या टैंकरों से मोटी रकम चुकाकर पानी खरीदना पड़ रहा है। कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विभाग और ठेकेदार की मिलीभगत से पाइपलाइन बिछाने में भारी अनियमितता बरती जा रही है। नियमों के अनुसार पाइप 1 मीटर की गहराई में होने चाहिए, लेकिन कहीं 1 फिट तो कहीं 2 फिट की गहराई पर ही पाइप डालकर खानापूर्ति की जा रही है। वाटर लेवल का ध्यान न रखने के कारण भविष्य में भी ऊँचाई वाले क्षेत्रों तक पानी पहुँचना नामुमकिन नजर आ रहा है।

### खुले गड्ढे दे रहे दुर्घटना को आमंत्रण

ठेकेदार द्वारा पाइप डालने के लिए लोगों के घरों के सामने गड्ढे खोदकर छोड़ दिए गए हैं, जिससे आए दिन राहगीर चोटिल हो रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार उपयंत्री इसे सामान्य प्रक्रिया बताकर पल्ला झाड़ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार मौके से नदारद है और केवल इक्का-दुक्का मजदूरों के भरोसे काम छोड़ दिया गया है।

### ग्रामीणों ने की शीघ्र सुधार की मांग

पिछले दो वर्षों से चल रहे इस प्रोजेक्ट के अब तक पूर्ण न होने से जनता में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पाइपलाइन डालने के कार्य की तकनीकी जांच कराई जाए, गहराई मानक अनुसार सुनिश्चित की जाए और क्षतिग्रस्त पुरानी लाइन को तत्काल दुरुस्त कर पेयजल आपूर्ति बहाल की जाए।

# गैस-बिजली की बढ़ती कीमतों पर बिछिया में एकदिवसीय धरना

**राज्यपाल के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**



**भुआबिछिया।** देश में बढ़ती महंगाई, रसोई गैस की कीमतों में उछाल और पेट्रोल-डीजल की किल्लत के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया ने जोरदार प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार आयोजित इस एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिछिया विधानसभा के विधायक नारायण सिंह पट्टा ने संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार की गलत विदेश नीति और अपरिपक्वता का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक तरफ रसोई गैस के दाम बढ़ा दिए गए हैं, वहीं दूसरी ओर राज्य की भाजपा सरकार ने बिजली दरों में बढ़ोतरी कर जनता की कमर तोड़ दी है। पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता न होने से भी आमजन और किसान परेशान हैं। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी के नेतृत्व में कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राज्यपाल के नाम बिछिया तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल वापस लेने और ईंधन की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

### इनकी रही मौजूदगी

धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता जोश सिंह ठाकुर, घुघरी ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद कुशराम, नगर अध्यक्ष शशांक गोस्वामी, झुन्ना ठाकुर, अरूण मिश्रा, टेकराम राय, अशोक राजपूत और अशोक ज्योतिषी उपस्थित रहे। इसके साथ ही जनपद सदस्य मेवालाल धुर्वे, चमन यादव, अमन राजपूत, अक्षत झारिया, टीका तुम्राली, संतोषी मोंगरे, सरस्वती मरावी, पार्षद नारायणी साहू, विकास ग्वले, त्रिवेणी तेकाम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

### महंगाई को बताया भाजपा की देन

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों में महंगाई का असर सबसे ज्यादा पड़ता है। बिजली और गैस जैसी बुनियादी जरूरतों के दाम बढ़ाना सरकार की असंवेदनहीनता को दर्शाता है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही अंकुश नहीं लगाया गया, तो आने वाले समय में आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

# पत्थर से कुचलकर की थी प्रभू मरावी की हत्या

**पुलिस ने हत्यारे को दबोचा, झाड़ियों में छिपाया गया कत्ल का पत्थर बरामद**



**महाराजपुर।** थाना महाराजपुर पुलिस ने ग्राम ऊपरटोला केहरपुर में हुई युवक की संदिग्ध मौत की गुत्थी को महज 48 घंटों के भीतर सुलझा लिया है। पुलिस ने हत्या के आरोपी शिवम मरावी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी ने आपसी विवाद के बाद पत्थर से प्रहार कर प्रभू मरावी की बेरहमी से हत्या कर दी थी।

जानकारी अनुसार 29 मार्च को ग्राम ऊपरटोला केहरपुर निवासी 35 वर्षीय प्रभू मरावी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का विश्लेषण किया, तो पता चला कि मृतक के सिर और छाती पर गंभीर चोटें थीं, । इसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा के निर्देशन में गठित टीम ने जब संदेही शिवम मरावी 30 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो आरोपी ने कुबूल किया कि 28 मार्च की रात ग्राम बेरटोला में शराब पीने को लेकर मृतक के साथ उसका विवाद हुआ था। जिसके बाद उसने वारदात को अंजाम दिया।

**साक्ष्य छिपाने की कोशिश नाकाम**-हत्या के बाद आरोपी ने साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से खून से सने कपड़े और पत्थर झाड़ियों में छिपा दिया था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर पत्थर और कपड़े बरामद कर लिए हैं। इस अंधे कत्ल का पर्दाफाश करने में एसडीओपी पीयूष मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डॉ. जयसिंह यादव, उनि भूपेन्द्र अहिरवार, लक्ष्मीचंद बिसेन, भीमराव मेश्राम और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जहां से शुरू किया सफर, 43 वर्ष बाद उसी शिक्षा के परिसर से विदा हुईं शिक्षिका सुनीता रघुवंशी

**घुघरी, भुआबिछिया एवं नारायणगंज के शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों से हुए सेवानिवृत्तों को दी गई विदाई**




**घुघरी।** शिक्षण को केवल पेशा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का पवित्र संकल्प मानने वाली घुघरी की प्रतिष्ठित उच्च श्रेणी शिक्षक श्रीमती सुनीता रघुवंशी 43 वर्षों की गौरवमयी और लंबी सेवाओं के पश्चात आज सेवानिवृत्त हो गईं। उनके सम्मान में संदीपनी विद्यालय, घुघरी में एक भव्य एवं भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जहाँ उपस्थित जनसमूह ने अश्रुपूरित नेत्रों से उन्हें विदाई दी।

श्रीमती रघुवंशी की प्रारंभिक शैक्षणिक यात्रा पुष्पराजगढ़ से शुरू हुई थी, जहाँ उन्होंने कक्षा 1 से 11वीं तक की शिक्षा प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने अवधेश प्रताप विश्वविद्यालय, रीवा से स्नातक की उपाधि अर्जित की। सामाजिक विज्ञान और हिंदी जैसे विषयों पर उनकी गहरी पकड़ और सरल अध्यापन शैली के कारण वे विद्यार्थियों के बीच सदैव लोकप्रिय रहीं।

**गरिमामय विदाई समारोह के साथ दिया सम्मान**- संदीपनी विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में प्राचार्य एमके चौधरी ने श्रीमती रघुवंशी के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें एक आदर्श शिक्षक और प्रेरणास्रोत बताया। विदाई के इस भावुक क्षण में उनके पति पंकज रघुवंशी एवं परिवार के सदस्य भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षिका का आत्मीय स्वागत और भव्य सम्मान किया गया। सहकर्मियों और विद्यार्थियों ने उन्हें विदाई देते हुए उनके सुखद, स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम के अंत में पूरा वातावरण भावनाओं से ओत-प्रोत नजर आया।

### शिक्षक रामस्वरूप नामदेव को दी गई विदाई




**भुआबिछिया।** शिक्षा जगत में अपने समर्पण और कर्मठता की अमिट छाप छोड़ने वाले शिक्षक रामस्वरूप नामदेव को उनकी 44 वर्षों की गौरवशाली सेवा के उपरांत भावभीनी विदाई दी गई। नवीन माध्यमिक विद्यालय बम्हनी रैयत में पदस्थ श्री नामदेव का सेवानिवृत्ति सह सम्मान समारोह जन शिक्षा केन्द्र कन्या बिछिया द्वारा विद्यालय प्रांगण में गरिमामय ढंग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वयं श्री नामदेव उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी आतमजीत सिंह अहलूवालिया, संकुल प्राचार्य वीरेन्द्र परतेती, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक हेमराज मरावी, सरपंच सूरजवती मार्को, जनपद सदस्य मुन्ना लाल मरावी, रज्जू राय एवं कमल उइके उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन-अर्चन और वंदना से हुआ। बीईओ आतमजीत सिंह अहलूवालिया ने उन्हें शिक्षा के प्रति समर्पित बताते हुए उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने की बात कही। सहयोगी शिक्षकों और विभाग द्वारा श्री नामदेव का सम्मान शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। उनकी सेवानिवृत्ति पर उपस्थित जनसमूह की आंखें नम थीं। कार्यक्रम के अंत में उन्हें गाजे-बाजे और नृत्य के साथ ससम्मान उनके निवास तक छोड़ा गया। इस कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रजनी मरावी व प्रह्लाद साहू ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जनशिक्षक अनिल वाहने द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में शिक्षक, छात्र, पालक और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### रम्मू सिंह मरावी का सेवानिवृत्त पर हुआ सम्मान



**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज में अपनी कुशल कार्यशैली और सरल स्वभाव के लिए पहचाने जाने वाले खंड अधिकारी रम्मू सिंह मरावी के सेवानिवृत्ति अवसर पर जनपद सभा कक्ष में एक विदाई समारोह आयोजित किया गया। आयोजित इस कार्यक्रम में भारी संख्या में जनप्रतिनिधि, कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए, जिन्होंने श्री मरावी के निष्कलंक सेवा काल की मुक्त कंठ से सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष आसाराम भारतीय, उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा, तहसीलदार संगम पटले, वरिष्ठ समाजसेवी मगनलाल सोनी सहित श्री मरावी के बड़े भाई मल्लू सिंह मरावी और उनके परिवारजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा मरावी की कर्तव्यनिष्ठा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका पूरा कार्यकाल ईमानदारी और समर्पण की मिसाल रहा है। विदाई के भावुक क्षणों में रम्मू सिंह मरावी ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आवश्यकता पड़ने पर वे भविष्य में भी सहयोगियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे। कार्यक्रम में जनपद सदस्य, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, मोबिलाइजर एवं जनपद पंचायत के समस्त स्टाफ ने श्री मरावी को ससम्मान विदाई दी। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

### राजेश गुप्ता को स्मृति चिन्ह भेंट किया



**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के शिक्षा विभाग में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने वाले मंडल संयोजक राजेश कुमार गुप्ता के सेवानिवृत्ति अवसर पर एक भव्य एवं गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने एक सुर में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों और उनके मिलनसार व्यक्तित्व की सराहना की। समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने श्री गुप्ता के सरल स्वभाव और सकारात्मक सोच की प्रशंसा की। विदाई के इस भावुक क्षण में शिक्षा अधिकारी राजेश विश्वकर्मा, जनपद उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा सहित विभाग के हॉस्टल अधीक्षक, शिक्षकगण, कार्यालयीन स्टाफ और श्री गुप्ता के परिवारजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने उनके स्वस्थ, सुखद और दीर्घायु भविष्य की मंगलकामना की। समारोह के अंत में उपस्थित अतिथियों और स्टाफ द्वारा राजेश कुमार गुप्ता को स्मृति चिन्ह एवं शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। विभाग से विदा लेते समय माहौल अत्यंत भावुक नजर आया, जहाँ सहकर्मियों ने अश्रुपूरित नेत्रों से उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।